Ans. (d) : राजस्थान में क्रियान्वित की जाने वाली दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण, स्वरोजगार कार्यक्रम तथा सामाजिक जुड़ाव और संस्थागत विकास के साथ ही शहरी आजीविका केन्द्र की स्थापना, शहरी पथ विक्रेताओं की सहायता और शहरी बेघरों के लिए संबंधित योजना इस मिशन में शामिल है।

1714. रणथम्भौर टाइगर रिज़र्व के जोन-10 की परिधि में स्थित 110 परिवार वाले निम्नलिखित में से किस गाँव को पार्क की सीमा से स्थानांतरित किया जाना है?

(a) गढ़ी (b) कालीभात भाटा
(c) भेरुपुरा (d) इनडाला

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (c) : रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के जोन-10 (फलौदी रेंज) स्थित भेरुपुरा का चयन वन विभाग द्वारा किया गया है। विभाग की ओर से यहाँ विस्थापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सर्वेक्षण के दौरान गांव में वन विभाग द्वारा कुल 110 परिवारों की पहचान की गई है। इससे पहले नवम्बर 2016 में मोभा एवं कालाभांट के गांव विस्थापित हुए थे।

1715. .... राजस्थान का पहला 100% स्वास्थ्य बीमा कवरेज वाला गाँव है–

(a) निमारदा (b) नरैना
(c) नरसाणा (d) निमराणा

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान के जालौर जिले का नरसाणा गांव, राज्य की प्रमुख योजना 'चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' के तहत सभी परिवारों को 10 लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवरेज को पंजीकृत करने वाला राज्य का पहला ग्राम पंचायत बना।

1716. डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम के बारे में कौन सा गलत है?

(i) इसकी शुरुआत 1994-95 में आठ जिलों के 26 प्रखंडों में हुई थी।
(ii) आठ जिलों में भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, बारां, बूंदी और झालावाड़ शामिल हैं।
(iii) यह 100% केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रम है।
(iv) इसका उद्देश्य डकैत प्रभावित क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास लाना है।

कूट–

(a) (ii), (iii) (b) (ii), (iv)
(c) केवल (i) (d) केवल (iii)

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (d) : डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम की शुरूआत 1994-95 में राज्य के आठ जिलों (भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, कोटा, बांरा, बूंदी तथा झालावाड़) के 26 प्रखंडों में की गई थी। यह 100% राज्य वित्त पोषित कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य डकैत प्रभावित क्षेत्रों में आर्थिक, सामाजिक व अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास तथा अतिरिक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

1717. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की अवधि है–

(a) 3 वर्ष (b) 5 वर्ष
(c) 7 वर्ष (d) 10 वर्ष

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) केन्द्र सरकार की एक सतत् विकास योजना है जिसे वर्ष 2020 में 5 वर्षों की अवधि के लिए (2020 से 2025) शुरू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र में निवेश तथा मछुआरों को वित्तीय सहायता व बीमा कवर प्रदान करना है।

1718. किस जिले मे जून 2022 में एक विशेष स्वास्थ्य देखभाल अभियान 'आंचल' शुरू किया है?

(a) अजमेर (b) डूंगरपुर
(c) जोधपुर (d) करौली

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (d) : जून 2022 में गर्भवती महिलाओं के लिए करौली जिले में एक विशेष स्वास्थ्य देखभाल अभियान '**आंचल**' शुरू किया हैं इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया है।

1719. राजस्थान सरकार द्वारा टी.बी. रोगियों को वित्तीय, पोषण और शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए कौन सी योजना शुरू की गई है?

(a) राजस्थान निक्षय संबल योजना
(b) चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना
(c) राजस्थान सरकार स्वाथ्य योजना
(d) निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

RPSC वनरक्षक 11-12-2022

Ans. (a) : राजस्थान सरकार द्वारा टी.बी. रोगियों को वित्तीय पोषण और शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए राजस्थान निक्षय संबंल योजना की शुरूआत की गई है। इस परियोजना के माध्यम से टीबी रोगियों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

1720. लम्पी डिजीज के कारण स्वास्थ्य समस्या हुई है–

(a) इंसानों को (b) मवेशियों को
(c) फसलों को (d) पक्षियों को

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : लम्पी डिजीज (वायरस जनित) विषाणु जनित रोग है। यह गांठदार चर्म रोग है। यह बीमारी मवेशियों को प्रभावित करती है। यह रोग खून पीने वाले कीड़ों जैसे मक्खियों और मच्छरों की कुछ प्रजातियों या टिक्स से फैलता है। यह बुखार और त्वचा पर पिण्ड का कारण बनता है और मवेशियों की मौत का कारण बनता है। अभी हाल में राजस्थान में इस बीमारी से हजारों गायें मर गयीं।

1721. राजस्थान में पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत कब हुई?

(a) 1951-52 (b) 1955-56
(c) 1991-92 (d) 1966-67

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (a) : राजस्थान की प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) तक थी। प्रथम पंचवर्षीय योजना में कृषि उत्पादन में वृद्धि, सिंचाई, और बिजली की सुविधाओं के विस्तार और बुनियादी सामाजिक सेनाओं जैसे शिक्षा, चिकित्सा और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के प्रावधान पर जोर दिया गया था।